# विज्ञान



(अध्याय – 7) (जीवों में विविधता)

(कक्षा – 9)

## पेज 96

**प्रश्न 1:**

मोनेरा अथवा प्रोटिस्टा जैसे जीवों के वर्गीकरण के मापदंड क्या हैं?

**उत्तर 1:**

मोनेरा अथवा प्रोटिस्टा एक कोशिकीय जीव हैं। अतः इनके वर्गीकरण के लिए निम्नलिखित मापदंड होंगे:

- कोशिकीय संगठन
- कोशिका भित्ति
- केन्द्रक की उपस्थिति या अनुपस्थिति
- पोषण के प्रकार

**प्रश्न 2:**

प्रकाश-संश्लेषण करने वाले एककोशिक यूकैरियोटी जीव को आप किस जगत में रखेंगे?

**उत्तर 2:**

प्रकाशसंश्लेषण करने वाले यूकैरियोटिक एक कोशिकीय जीवों को 'प्रोटिस्टा' में रखा जाएगा।

**प्रश्न 3:**

वर्गीकरण के विभिन्न पदानुक्रमों में किस समूह में सर्वाधिक समान लक्षण वाले सबसे कम जीवों को और किस समूह में सबसे ज्यादा संख्या में जीवों को रखा जाएगा?

**उत्तर 3:**

सर्वाधिक समान लक्षणों वालें सबसे कम संख्या वाले वर्ग को **जाति** (स्पसीज) कहते है क्योंकि वर्गीकरण में यह निम्नतम स्तर पर है। जबकि सर्वाधिक संख्या वालें समूह की **जगत** कहते है क्योंकि वर्गीकरण में यह उच्चतम स्तर पर है।

TIWARI ACADEMY